
अखिल भारतीय
भार्गव सभा (रजि.)
कार्यकारिणी
समिति बैठक

## जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर

जयपुर अखिल भारतीय भार्गव सभा की प्रथम कार्यकारिणी बैठक का आयोजन 28.4.2019 स्थान सुबोध इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रामबाग सर्किल जयपुर में प्रथम कार्यकारिणी बैठक आयोजित करने का निर्णय जयपुर वासियों विशेषकर जयपुर भार्गव सभा के लिये प्रफुल्लता का विषय था। अखिल भारतीय भार्गव सभा में जयपुर के श्री नरेश जी (भार्गव लोढा) प्रधान के रूप में चुने गये है, और जयपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे मनोनीय एंव चयनित सदस्य जयपुर की कार्यकारिणी के साथ पूर्ण सहयोग देने को आतुर थे। श्री नरेश जी (भार्गव लोढा) द्वारा सुबोध इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट रामबाग सर्किल, जिसके कि वो स्वयं एक ट्रस्टी है उसमें कार्यकारिणी बैठक कराने का सुक्षाव अत्यन्त सामयिक एवं उपयुक्त रहा। जयपुर शहर के मध्य रामबाग सर्किल के साथ ही इस इंस्टीट्यूट के होने से तथा ए.सी. हॉल के साथ पी.ए सिस्टम कॉर्डलेस माइक प्रोजेक्टर मय स्क्रीन स्टाफ जैसी समस्त सुविधाओं की उपलब्धता ने बैठक के आयोजन को आसान कर दिया था। 27 अप्रैल 2019 को अखिल भारतीय भार्गव सभा (रजि.) से कुछ समिति बैठक का आयोजन किया गया । अखिल भारतीय भार्गव सभा (रजि.) के सदस्यों कि रहने कि व्यवस्था निशुल्क महर्षि सदन पर कि गई थी 27 अप्रैल 2019 को अखिल भारतीय सभा से आये सभी सदस्यों का रात्री भोज जयपुर भार्गव सभा द्वारा आयोजित किया गया था ।

28 अप्रैल 2019 को परम्परानुसार प्रात 8.30 बजे अखिल भारतीय भार्गव सभा (रजि.) के प्राधन श्री नरेश जी (भार्गव लोढा), प्रधान सचिव श्री हीरेन्द नाथ जी, श्री विनोद जी अध्यक्ष जयपुर भार्गव सभा एवं अन्य उपस्थित भार्गव बन्धुओं के सान्निध्य में पंडित जी द्वारा विधिवत हवन को प्रारम्भ कराया हवन समाप्ति के बाद प्रात कालीन नाश्ते व दोपहर का भोजन का आयोजन श्री नरेश जी (भार्गव लोढा) द्वारा किया गया था सभी सदस्यों के सहयोग से आपने वाहनों से भृगु सदन से सुबोध इंस्टीट्यूट का आवागमन भी सुगमता से हो पा रहा था । सुबोध इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट में पहुँचने पर रिसेप्शन डेस्क पर श्री मुकेश (भार्गव भवन) श्री आशीष जी, श्री प्रदिप जी, श्री अतुल जी द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। रजिस्ट्रेशन के समय श्री विनोद जी अध्यक्ष द्वारा प्रायोजित किट दि गई और साथ ही श्री मनोज जी द्वारा सभी सदस्यों को गिफ्ट दिये गये। सभाकक्ष में प्रवेश करने पर सुश्री सौमिया, पालक एंव Nauya ने राजस्थानी परम्परानुसार रोली चावल से टीका और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसमें सहयोग श्री पवन जी, श्रीमती मंजु जी, श्रीमती सोनल जी, का रहा । अधिकांश सदस्यों के सभा कक्ष में पहुँचने पर प्रथम पूज्य श्री गणेशजी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किये गये। इसके प्रसाद पूर्व प्रधान सर्व श्री डॉ. ऋषि जी, डॉ. रवि जी, श्री सुरेन्दर नाथ जी, श्री ओम प्रकाश जी, श्री प्रकाश जी, और अखिल भारतीय भार्गव सभा के प्रधान श्री नरेश जी (भार्गव लोढा) प्रधान सचिव श्री हीरेन्द नाथ जी, कोपाध्यक्ष श्री सुनील कुमार जी, वरिष्ठ सचिव श्री उमेश जी, जयपुर भार्गव सभा के अध्यक्ष श्री विनोद जी, और सचिव श्री मुकेश कुमार जी सभी को अनिल जी (RFC) द्वारा मंचासीन कराया गया । इसके साथ ही जयपुर भार्गव सभा के अध्यक्ष और सचिव द्वारा सभी पूर्व प्रधान उपाध्यक्ष और सभी सचिव राष्ट्रीय भार्गव महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी जी (अलवर), सचिव श्रीमती सुमन जी, सभी को बुका देकर स्वागत किया। श्री विनोद जी जयपुर भार्गव सभा के अध्यक्ष द्वारा स्वागत उद्रबोधन दिया गया इसके बाद मंच एंव माइक श्री हीरेन्द्र नाथ प्रधान सचिव अखिल भारतीय भार्गव सभा को कार्यकारिणी बैठक की कार्यवाही के लिये सौप दिया गया। बैठक तीन बजे तक चली बैठक की समस्त रिकॉर्डिग के दायित्व का निर्वहन श्री अंकुर जी ने अपनी पूर्ण जिम्मेदारी से किया। सुबोध इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट की व्यवस्था में श्री अनिल जी (तिलक नगर) का पूर्ण सहयोग मिला। श्री अजय प्रकाश जी द्वारा बहुत सुन्दर रगोंली बनाई गई । अन्त में जयपुर भार्गव सभा के सचिव द्वारा सभी को धन्यवाद दिया और दोपहर का भोजन के लिए आमंत्रण किया गया । भोजन की व्यवस्था भृगु सदन में कि गई थी। भोजन की व्यवस्था में श्री राकेश जी (अनुपम कैटर्स), श्री सोमेश जी, श्री लोकेश जी, श्री साहिल जी, श्री ओशक जी, द्वारा सहयोग दिया गया था अन्त में बाहर से आये सदस्यों को रात्री भोजन पैकिग करके दिया सभी सदस्यों को विदा किया गया ।

**मुकेश कुमार भार्गव**

**सचिव, जयपुर भार्गव सभा**